आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

10.09.2024 समय : 1850

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बताया है।
- वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि जीएसटी परिषद ने दो प्रमुख मंत्रिसमूहों का गठन करने का निर्णय लिया है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन को आई एस ओ नौ हजार एक से सम्मानित किया गया है।
- सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार की दिशा में परिवहन विभाग की ओर से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चित्रकारी व चित्रकला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बताया है। श्री शाह ने नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) के पहले स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बगैर संभव नहीं है। श्री शाह ने सभी हितधारकों से इस खतरे से निपटने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। विभिन्न क्षेत्रों में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि डिजिटल लेनदेन और डिजिटल आंकडों का इस्तेमाल देश में दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। इस कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े लोगों की जिम्मेदारियां बढ गई हैं। श्री शाह ने कहा कि हाल ही में प्रभावी तीन आपराधिक कानूनों में देश में साइबर अपराध से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं। संदिग्ध पंजीकरण की आई4सी पहल को लेकर श्री शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर का साइबर संदिग्ध पंजीकरण भविष्य में अपराधों को रोकने में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि आई4सी साइबर सुरक्षा पर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान का शुभारंभ करने जा रहा है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में संपन्न जीएसटी परिषद की चौवनवीं बैठक के बाद कहा कि जीएसटी परिषद ने दो प्रमुख मंत्रिसमूहों का गठन करने का निर्णय लिया है। इनमें से एक समूह चिकित्सा और जीवन बीमा संबंधी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर काम करेगा और दूसरा मुआवजा उपकर के लिए रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक नवंबर में होगी, जिसमें स्वास्थ्य और जीवन बीमा संबंधी नए मंत्रिसमूह की सिफारिशों पर विचार किया जाएगा। सुश्री सीतारामन ने कहा कि यह मंत्रिसमूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। मंत्रिसमूह वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित बीमा मामलों, जीवन बीमा, सावधि जीवन बीमा, समूह बीमा आदि पर भी विचार करेगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन को आई एस ओ नौ हजार एक से सम्मानित किया गया है। ज़िला प्रशासन के साथ इसके अधीन राजस्व कार्यालय को भी ये प्रमाणन प्रदान किया गया है। प्रमाणन समारोह का आज मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने सुशासन और सेवाएं प्रदान करने में ज़िला प्रशासन की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आई एस ओ नौ हजार एक प्रमाणन सिर्फ एक मान्यता नहीं है, बल्कि गुणवत्ता को बनाए रखते हुए सेवाओं में निरंतर सुधार के लिए जिम्मेदारी भी है। ये उपलब्धि ज़िला प्रशासन की सुशासन के सिद्धान्तों को अमल में लाने के लिए उनके समर्पित प्रयासों और पारदर्शिता का परिणाम है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने मुख्य सचिव सहित आयुक्त को भी निरंतर ज़िला प्रशासन को सहयोग देने के लिए अपना आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन गुणवत्ता सेवाएं और असरदार सुशासन को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इससे आम जनता को लाभ मिल सके। समारोह में रंगत के सहायक आयुक्त और डिगलीपुर तहसील के प्रतिनिधि भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

<><><><><><><>

सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार की दिशा में परिवहन विभाग की ओर से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग के बस ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए परिवहन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में और सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवाओं में यात्रियों की संतुष्टि महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों से उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार करने का अनुरोध किया। इससे एक सुखद वातावरण बना रहेगा। विभाग के कर्मचारियों की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए डॉ. जतिन्दर सोहल ने कहा कि उनके व्यवहार ऐसे होने चाहिए, जिससे यात्री संतुष्ट हो सके। परिवहन निदेशक ने यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मियों के साथ कड़ाई से निपटने की भी चेतावनी दी। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए उप–निदेशक बी. बिनॉय ने कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया। परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किए।

<><><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग विषय आधारित नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चित्रकारी व चित्रकला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। पर्यटन– शांति, एकता और सांस्कृतिक सद्भाव विषय पर स्कूली बच्चों के लिए ये प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक द्वीपों के सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन मांगे गए हैं। सोलह सितम्बर को शाम तीन बजे से अंडमान क्लब में नृत्य समूह का मौके पर प्रदर्शन के माध्यम से चयन किया जाएगा। दो सर्वश्रेष्ठ नृत्य समूह को सत्ताईस सितम्बर को डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में आयोजित होने वाले समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। चित्रकला व चित्रकारी प्रतियोगिता व प्रदर्शनी में भाग लेने के इच्छुक स्कूली विद्यार्थियों से भी आवेदन मांगे गए हैं। चयन पच्चीस सितम्बर को शाम तीन बजे से अंडमान क्लब में किया जाएगा। छब्बीस और सत्ताईस सितम्बर को अंडमान क्लब में ही प्रदर्शनी लगेगी। तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक सांस्कृतिक संगठन और स्कूली विद्यार्थी सोलह सितम्बर तक अपने नाम कला और संस्कृति विभाग के कार्यालय या मेल पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

हिन्दी दिवस के सिलसिले में इग्नू की क्षेत्रीय केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोलह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के द्वीपवासी इसमें भाग ले सकते हैं। स्वाभिमान और गर्व की भाषा हिन्दी विषय पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी सोलह सितम्बर तक सीधे क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या इग्नू की मेल पर प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे और भाजपा के राज्य सचिव के. परमाशिवम ने दूध लाईन निवासी सेथा के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया है।

<><><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में बी ए एड और बी एससी बी एड की कुछ सीटे रिक्त हैं। तेरह सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से कॉलेज के संगोष्ठी दीर्घा में इन सीटों के लिए परामर्श रखा गया है। इच्छुक विद्यार्थी इन सीटों में प्रवेश के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

उधर, इसी कॉलेज में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म ग्यारह सितम्बर की मध्य रात्रि तक भरे जा सकते हैं।

इस बीच, डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और डिगलीपुर के राजकीय बहुशिल्प संस्थान में बचे हुए सीटों के लिए अंतिम परामर्श तेरह सितम्बर को लिया जाएगा। बारह सितम्बर तक इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्कीस दशमलव दो मिलीमीटर, लांग आइलैंड में सात दशमलव चार, मायाबंदर में चार और पोर्ट ब्लेयर में दो दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><><>